हरिभूमि
# सीहोर भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, मंगलवार 8 जुलाई 2025

04 लगातार बारिश से नर्मदा और तवा का जलस्तर...



07 मेन मार्केट सहित अन्य सड़कों के दर्जनभर...





## खबर संक्षेप

### राज्य स्तरीय निषादराज सम्मेलन उज्जैन में 10 जुलाई को होगा

**सीहोर।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव राष्ट्रीय मछुआ दिवस पर 10 जुलाई को राज्य स्तरीय निषाद राज सम्मेलन एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम में कालिदास संस्कृत अकादमी परिसर उज्जैन में शामिल होंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव कार्यक्रम में 22.65 करोड़ रूपये की लागत के 453 स्मार्ट फिश पार्लर, 40 करोड़ रूपये लागत से बन रहे अत्याधुनिक अन्डर वाटर टनल सहित एक्वापार्क और 91.80 करोड़ रूपये की लागत से इंदिरा सागर जलाशय में 3060 केजेस के माध्यम से मत्स्य उत्पादन से वृद्धि एवं रोजगार सृजन का वर्चुअली भूमि-पूजन करेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव कार्यक्रम में 430 मोटर साइकिल विद आइस बॉक्स के स्वीकृति पत्र एवं 100 यूनिटस का वितरण, 396 केज के स्वीकृति पत्र का प्रदाय, फीडमील के हितग्राहियों को स्वीकृति पत्र का प्रदाय एवं उत्कृष्ट कार्य कर रहे मछुआरों एवं मत्स्य सहकारी समितियों को पुरस्कार वितरण करेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव मत्स्य महासंघ के मछुआरों को 9.63 करोड रूपये के डेफेरड वेजस का सिंगल क्लिक से अतंरण करने के साथ ही रायल्टी चेक प्रदाय करेंगे।

### शासकीय महिला पॉलिटेक्निक कॉलेज में रोजगार मेला आज

**सीहोर।** युवाओं को रोजगार एवं स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के लिए 8 जुलाई को शासकीय महिला पॉलिटेक्निक कॉलेज में सुबह 11 बजे से 4 बजे तक रोजगार स्वरोजगार एवं अप्रेंटिसशिप मेला आयोजित किया जाएगा। इस रोजगार मेले में रोजगार विभाग द्वारा स्थानीय प्रदेश एवं अन्य राज्यों की कंपनियों को आमंत्रित कर युवाओं को रोजगार प्रदान किया जाएगा। रोजगार मेले में निजी क्षेत्र की एनआईआईटी (एचडीएफसी, एक्सिस बैंक) क्विज क्रॉप, शिव शक्ति एग्रीटेक, पुखराज हेल्थ केयर, श्रीराम फाइनेंस, एसबीआई लाइफ रिलायबल फर्स्ट, एलआईसी, एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स इंडिया, हंसिनी एंप्लॉयमेंट सर्विस आदि कंपनियों द्वारा बैंक असिस्टेंट मैनेजर, इलेक्ट्रीशियन, इलेक्ट्रॉनिक मेकेनिक कम्प्यूटर ऑपरेटर, सुपरवाइजर सेल्स एग्जीक्यूटिव, बिजनेस डेवलपमेंट मैनेजर, टेनी. क्वालिटी प्रोडक्शन, बीमा अभिकर्ता फाइनेंस एडवाइजर, मशीन आपरेटर के 1750 पदों पर भर्ती की जाएगी। रोजगार मेले में जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र के माध्यम से स्वरोजगार विभागों के स्वरोजगार प्राप्त हितग्राहियों को लाभान्वित किया जाएगा तथा नये प्रकरण तैयार किये जायेंगे। रोजगार मेले में आईटीआई विभाग द्वारा युवाओं को अप्रेन्टिसशिप के लिए चयन किया जाएगा। इच्छुक आवेदक अपने सभी मूल दस्तावेजों के साथ निर्धारित दिनांक एवं समय पर रोजगार मेले में उपस्थित हो सकते हैं।

# राजपूत समाज की बैठक में निर्णयः न ही गौर समाज के कार्यक्रम में जाएंगे न उन्हें बुलाएंगे

### पारासोन गांव में राजपूत समाज की बैठक

**सीहोर।** जिले के अहमदपुर गांव में कुछ दिनों पहले घटित हुई नाबालिग बालिका से रेप व मौत के मामले से दो बड़ी समाज के बीच आपसी मनमुटाव हो गया है। कुछ दिनों पहले गौर समाज ने बैठक आयोजित कर निर्णय लिया था कि गौर समाज के किसी भी कार्यक्रम में गिरीश सोलंकी लालू बना को नहीं बुलाया जाएगा, यदि समाज का कोई व्यक्ति उन्हें बुलाता है तो उस पर 21 हजार रुपए का जुर्माना लगाया जाएगा। इधर सोमवार को राजपूत समाज ने भी बैठक आयोजित कर निर्णय लिया कि न तो गौर समाज के कार्यक्रम में जाएंगे और न ही उन्हें बुलाएंगे।

करणी सेना जिलाध्यक्ष ईश्वर सिंह चौहान ने वीडियो जारी कर बताया कि सोमवार को ठिकाना पारासोन तहसील बैरसिया में



मगरदी घटना को लेकर राजपूत समाज की बैठक आयोजित आयोजित कर कुछ निर्णय लिए गए। चौहान ने बताया कि गौर समाज द्वारा जो सामाजिक टिप्पणी की गई थी और उनके द्वारा एक सामाजिक बैठक कर लालू बना का बहिष्कार किया गया था और अगर उनकी समाज का कोई व्यक्ति लालू बना को कार्यक्रम में बुलाता है तो 21 हजार रुपए का निर्णय लिया था। उनके द्वारा पत्रकारवार्ता भी की गई थी, उसमें भी अपशब्द बोले गए थे। इन सभी विषयों को लेकर राजपूत समाज की बैठक में चर्चा की गई। समस्त राजपूत समाज लालू बना के साथ है, हर तरह से खड़ा है और जब तक इन सभी विषयों को लेकर उनके (गौर समाज) द्वारा कोई ठोस सकारात्मक पहल नहीं की जाती, तब तक हम सभी राजपूत समाज के लोग गौर समाज के किसी भी सामाजिक कार्यक्रम में न ही जाएंगे और न ही गौर समाज को हम अपने सामाजिक कार्यों में बुलाएंगे।

## टीएल बैठक में कलेक्टर बोले- मूंग उपार्जन केंद्रों पर सुनिश्चित की जाएं सभी आवश्यक व्यवस्थाएं

# खाद्य पदार्थों के लिए जाएं नमूने, मिलावट पाए जाने पर की जाए कार्रवाईः कलेक्टर बालागुरु के.

बैठक में कलेक्टर बालागुरू के. ने निर्देश दिए कि नेशनल हाईवे, रेल परियोजनाओं, सिंचाई सहित विभिन्न परियोजनाओं के लिए भू अर्जन, मुआवजा वितरण, अर्जित भूमि का नामांतरण एवं कब्जा दिलाने के कार्य में प्रगति लाई जाए।



हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

कलेक्टर बालागुरू के. की अध्यक्षता में जिला पंचायत सभाकक्ष में टीएल बैठक आयोजित की गई। बैठक में उन्होंने विभिन्न विभागों के समय-सीमा प्रकरणों और सीएम हेल्पलाइन में लंबित प्रकरणों की समीक्षा की। बैठक में कलेक्टर बालागुरू के. ने सभी विभागीय अधिकारियों से लंबित प्रकरणों की वस्तुस्थिति की जानकारी लेते हुए अधिक से अधिक मामलों का शीघ्रता से निराकरण करने के निर्देश दिए।

बैठक में कलेक्टर बालागुरू के. ने निर्देश दिए कि नेशनल हाईवे, रेल परियोजनाओं, सिंचाई सहित विभिन्न परियोजनाओं के लिए भू अर्जन, मुआवजा वितरण, अर्जित भूमि का नामांतरण एवं कब्जा दिलाने के कार्य में प्रगति लाई जाए। बैठक में कलेक्टर बालागुरू के. ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि लंबित पेंशन प्रकरणो एवं आगामी माहों में सेवानिवृत्त होने वाले शासकीय सेवकों के पेंशन प्रकरणों का शीघ्र निराकरण करें। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि सेवानिवृत होने वाले अधिकारी-कर्मचारियों के सभी स्वत्वों एवं पेंशन का भुगतान सेवानिवृत्ति के साथ ही हो। उन्होंने निर्देश दिए कि शासकीय कर्मचारियों के सेवा अभिलेख सेवानिवृत्ति से पहले ही पूर्ण कर लिए जाएं। धरती आबा अभियान की समीक्षा के दौरान कलेक्टर बालागुरू के. ने कहा कि सभी विभाग जिले के चिन्हित 80 ग्रामों में लगाए जा रहे शिविरों में जनजातीय वर्ग के सभी पात्र हितग्राहियों को लाभान्वित करना सुनिश्चित करें। उन्होंने इन ग्रामों के सभी नागरिकों के प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा, जीवन ज्योति बीमा तथा पीएम मानधन योजना के पंजीयन कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि धरती आबा अभियान का जिले में गंभीरता से संचालन किया जाए। यह अभियान अभियान सरकार की प्राथमिकता वाला अभियान है जिसका उद्देश्य जनजातीय समुदायों का विकास और कल्याण करना है। उन्होंने निर्देश दिए कि खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा जिले में खाद्य पदार्थों के नमूने लिए जाएं और मिलावट पाए जाने पर संबंधित संस्थानो के विरुद्ध कार्रवाई की जाए।


बैठक में कलेक्टर बालागुरू के. ने निर्देश दिए कि वर्षाकाल के दौरान संभावित बाढ़ एवं आपदा से निपटने के लिए सभी संबंधित अधिकारी सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करें। सभी अधिकारी सतर्क रहें और अपने अनुभाग एवं जनपदों में सतत संपर्क बनाए रखें। कहीं भी अतिवर्षा य जलभराव की सूचना मिलने पर तत्काल राहत एवं बचाव की कार्यवाही करें। उन्होंने निर्देश दिए कि नगरों में नाले-नालियों की नियमित साफ-सफाई कराई जाए, ताकि वर्षा के दौरान जलभराव न हो। इसके साथ ही उन्होंने निर्देश दिए कि पेयजल के लिए प्रदाय किए जा रहे जल की नियमित गुणवत्ता जांच की जाएं। बैठक में कलेक्टर बालगुरू के. ने सभी एसडीएम को मूंग का सत्यापन कराने के निर्देश दिए। इसके साथ ही उन्होंने मूंग खरीदी के लिए बनाए गए उपार्जन केंद्रों में सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करनें के निर्देश दिए।

कलेक्टर बालागुरू के. ने जिले के आईटीआई, पॉलिटेक्निक कॉलेज तथा डिग्री कालेजों में क्षमतानुसार शत प्रतिशत सीटों पर प्रवेश कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि स्कूलों से 10वी एवं 12वीं उत्तीर्ण विद्यार्थियों की सूची प्राप्त कर यह सुनिश्चित करें सभी बच्चे अगली कक्षा में प्रवेश लें तथा कोई भी बच्चा ड्राप आउट न करें। उन्होंने कहा कि यदि कोई विद्यार्थी ड्रॉपआउट करना कर रहा है तो इसका कारण पता करें और उसे कॉलेज में एडमिशन के लिए प्रोत्साहित करें। बैठक में बैठक में अपर कलेक्टर वृंदावन सिंह, संयुक्त कलेक्टर वंदना राजपूत, एसडीएम जमील खान, तन्मय वर्मा, डिप्टी कलेक्टर स्वाति मिश्रा, सुधीर कुशवाह सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# मूंग खरीदी में नया अड़ंगाः उत्पादन का 40 प्रतिशत मूंग ही खरीदेगी सरकार

**सीहोर।** जिले के किसानों की समर्थन मूल्य पर मूंग खरीदी में अब नया अड़ंगा सामने आ रहा है। ऐसा इसलिए कहा जा रहा है, पहले जहां सरकार द्वारा समर्थन मूल्य खरीदी की घोषणा नहीं की थी, जैसे-तैसे किसानों के विरोध के बाद मूंग खरीदी की गई घोषणा की गई तो अब मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने केंद्र सरकार से आग्रह किया है कि मूंग उत्पादन का 40 प्रतिशत की खरीदी का लक्ष्य निर्धारित किया जाए। दरअसल मूंग की बंपर पैदावार ने सरकार को संकट में डाल दिया है। प्रदेश सरकार ने मूंग के लिए समर्थन मूल्य 8,682 रुपए प्रति क्विंटल निर्धारित किया है।

**सीएम ने लिखा केन्द्रीय कृषि मंत्री को पत्र :** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने इस संबंध में केन्द्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान को पत्र लिखकर किसानों के हित में मूंग के कुल उत्पादन का 40 प्रतिशत समर्थन मूल्य पर क्रय करने का लक्ष्य निर्धारित करने का आग्रह



किया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि विपणन वर्ष 2025-26 में ग्रीष्मकालीन मूंग का न्यूनतम समर्थन मूल्य 8,682 रुपए प्रति क्विंटल निर्धारित किया गया है। प्रदेश में इस वर्ष मोबाइल ऐप के माध्यम से की गई गिरदावरी में ग्रीष्मकालीन मूंग के क्षेत्रफल में वृद्धि हुई है। एक अनुमान के मुताबिक इस साल राज्य के 16 जिलों में लगभग 10.21 लाख हेक्टेयर क्षेत्र में मूंग की बुवाई की गई थी, जो पिछले साल समान अवधि में 9.89 लाख हेक्टेयर में हुई थी। इस बार अनुमानित उत्पादन 20 लाख टन से अधिक हुआ है। ऐसे में अब सरकार के हाथ-पैर फूलने लगे हैं।

**10 जुलाई से तुलाई, लेकिन अब तक तय नहीं हुए सेंटर :** प्रदेश में मूंग उत्पादन जिलों में सीहोर, हरदा, होशंगाबाद, विदिशा एवं रायसेन जिला शामिल है। इनमें हरदाए होशंगाबाद एवं सीहोर जिले में मूंग की बंपर पैदावार होती है। सरकार ने समर्थन मूल्य पर मूंग खरीदी के लिए 10 जुलाई तय की हैए लेकिन अब तक सेंटर ही तय नहीं हुए हैं। ऐसे में 10 जुलाई से मूंग खरीदी पर भी संकट के बादल मंडरा रहे हैं। किसान इंतजार कर रहे हैं कि जल्द से जल्द मूंग की खरीदी शुरू हो, लेकिन अब तक यह तय नहीं है कि किसानों से कितना मूंग खरीदा जाना है। इससे पहले ही सीएम डॉ. मोहन यादव ने पत्र लिखकर मूंग के कुल उत्पादन का 40 प्रतिशत ही खरीदने का आग्रह किया है।

# टीनशेड ठोक चुके अधिवक्ता बोले एडजेस्ट करेंगे व्यवस्था से वंचित वकील बोले, व्यवहारिक नहीं

**नए तहसील भवन परिसर की बैठक व्यवस्था से 35 साल पुराने अधिवक्ता संकट में**



हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

जिला मुख्यालय पर करीब 8 करोड़ रुपए की लागत से बने भव्य नए तहसील भवन परिसर ने 30-35 साल पुराने अधिवक्ताओं को संकट में डाल दिया। दरअसल, नए तहसील भवन में तहसील कार्यालय के शिफ्ट होने के बाद यहां प्रेक्टिस (सेवाएं) देने वाले अधिवक्ता/याचिका लेखकों ने अपनी-अपनी व्यवस्था अनुसार बैठक व्यवस्था (टीनशेड) ठोक लिए। मामला सुर्खियों में आने के बाद एसडीएम ने आगे के टीनशेड पर रोक लगा दी, जिससे कई अधिवक्ता/याचिकाकर्ता बैठक व्यवस्था से वंचित रह गए हैं, इनमें कई 30-35 साल पुराने भी शामिल हैं। गौरतलब है कि जिला मुख्यालय पर तहसील चौराह पर तहसील कार्यालय हैं। यह कार्यालय अंग्रेजों के जमाने का करीब 85 साल से अधिक पुराना बताया जाता है। यह भवन काफी पुराना हो गया था। नतीजतन शासन द्वारा जिला मुख्यालय पर नए तहसील भवन का निर्माण करीब 8 करोड़ रुपए की लागत से कराया गया है। बीते सप्ताह इस नए भवन में तहसील कार्यालय शिफ्ट भी हो गया, लेकिन यहां विवाद बैठक व्यवस्था को लेकर बना हुआ है।

### खर्चे की राशि दें और शेड में आकर बैठे

नए तहसील परिसर में करीब 12-14 अधिवक्ता/याचिका लेखकों द्वारा अपनी-अपनी मर्जी के हिसाब से बैठक व्यवस्था बना ली है। मामला मीडिया में आने के बाद एसडीएम सक्रिय हुए और उन्होंने शेष टीनशेडों के बनाने पर रोक लगा दी। अब करीब 10-15 अधिवक्ता/याचिका लेखक बैठक व्यवस्था से वंचित रह गए। एसडीएम के हस्तक्षेप के बाद टीनशेड बना चुके अधिवक्ताओं ने शेष बचे अधिवक्ताओं को एडजेस्ट करने की बात कही। इन अधिवक्ताओं का कहना है कि टीनशेड में खर्च राशि दें और बैठें।

### तहसील प्रशासन को समझना चाहिए था

नए तहसील परिसर में वह अधिवक्ता जो टीनशेड नहीं बना सके उन्होंने बताया कि यह व्यवहारिक नहीं है। पहले से टीनशेड बना चुके अधिवक्ता कोने कुचाले में जगह दे देंगे, जबकि फ्रंट में तो वही बैठेंगे। हर दम ताने सुनना पड़ेंगे। एक दूसरे के क्लाइंड डिस्टर्व होंगे। तहसील प्रशासन को सोचना चाहिए कि भविष्य में यहां कोई विवाद की स्थिति न बने, इसलिए एक समान, एक साइज में टीनशेड व्यवस्था बनाकर देना चाहिए, जिसकी राशि अधिवक्ता व्यय करने को तैयार है।

### कोई मनमुटाव नहीं



हमने यह बैठक व्यवस्था बना ली है। एसडीएम साहब से भी बात हुई। इसी बैठक व्यवस्था में शेष बचे साथियों से खर्च राशि लेकर उन्हें एडजेस्ट कर लेंगे। मनमुटाव वाली कोई बात नहीं है। जो लोग यहां प्रेक्टिस नहीं करते (बाहरी) हैं, वह माहौल खराब करने का प्रयास कर रहे हैं।

*-धर्मेन्द्र प्रजापति*, अधिवक्ता

### व्यवहारिक नहीं



नई तहसील परिसर में तहसील प्रशासन को व्यवस्थित रूप से सभी को एक समान जगह देना चाहिए थी। हम पुरानी तहसील परिसर में बीते 35 सालों से प्रेक्टिस कर रहे हैं। अब नई तहसील परिसर में बैठने की जगह नहीं है। दूसरे की बैठक व्यवस्था में कैसे बैठ सकते हैं। अलग-अलग क्लाइंट होते हैं, बाद में विवाद की स्थिति बनेगी, यह व्यवहारिक नहीं है, तहसील प्रशासन को सोचना-समझना होगा।

*-राजीव मिश्रा*, अधिवक्ता

## 10 जुलाई को किया जाएगा गुरु पूर्णिमा महोत्सव का समापन

# गुरु का आसन नहीं गुरु के अनुशासन का जीवन में अनुसरण करोः पं. प्रदीप मिश्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

गुरु कभी किसी का बुरा नहीं चाहता हैं। गुरु का अनुशासन सदैव हितकारी होता है। गुरु का अनुशासन जीवन में रहे तो उसे चमकदार बना देता है। गुरु जो कहे, वह धारण, पालन और अनुसरण करें, ऐसा शिष्य ही अपना आत्मकल्याण कर सकता है। वर्तमान में शिष्य और चेले गुरु के अनुशासन के अनुसरण को छोड़कर गुरु के आसन और सिहासन की ओर नजर लगाए होते है, इसलिए सफल नहीं हो पाते है। अगर विश्वास और आस्था के साथ गुरु के एक शब्द का भी संबंध में आपके दिल और



दिमाग से हो गया तो आपका जीवन सफल हो सकता है। उक्त विचार जिला मुख्यालय के समीपस्थ प्रसिद्ध कुबेरेश्वरधाम पर जारी छह दिवसीय गुरु पूर्णिमा महोत्सव के अंतर्गत श्री गुरु शिव महापुराण के तीसरे दिन अंतर्राष्ट्रीय कथा वाचक पंडित प्रदीप मिश्रा ने कहे। उन्होंने कहाकि एक स्त्री का सबसे बड़ा गुरु उसका पति रहता है, जो उसकी रक्षा भी करता है और सही उपदेश भी देता है। स्त्री को अपने पति के मार्गदर्शन में चलने की बात कही है।

सोमवार को पंडित श्री मिश्रा ने कहाकि गुरु के आसन का नहीं, गुरु के अनुशासन का अनुसरण करना चाहिए। इसका मतलब है कि हमें गुरु के उपदेशों को सुनना चाहिए, उनका पालन करना चाहिए और अपने जीवन में अनुशासन बनाए रखना चाहिए। गुरु का अनुशासन, या गुरु के मार्गदर्शन में अनुशासन, एक शिष्य के जीवन में बहुत महत्वपूर्ण है। गुरु एक मार्गदर्शक के रूप में कार्य करते हैं, जो शिष्यों को सही रास्ते पर चलने और जीवन के लक्ष्यों को प्राप्त करने में मदद करते हैं।

## खबर संक्षेप



### नव नियुक्त प्रदेश अध्यक्ष का किया स्वागत

**बुधनी।** भाजपा के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल के प्रथम नगर आगमन पर उनका जोरदार स्वागत किया गया इस अवसर पर स्थानीय विधायक रमाकांत भार्गव मुख्य रूप से उपस्थित रहे। उल्लेखनीय है कि हाल ही में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष के नाम की घोषणा हुई है और पड़ोसी जिला बैतूल से हेमंत खंडेलवाल को भाजपा का नया प्रदेश अध्यक्ष बनाया गया है कार्यक्रम में मुख्य रूप से वरिष्ठ भाजपा नेता अर्जुन मालवीय, सलकनपुर ट्रस्ट के अध्यक्ष महेश उपाध्याय,जनपद अध्यक्ष महेंद्र शर्मा, मंडल अध्यक्ष संतोष गौर,आजाद सिंह राजपूत,राजेश पाल, किशन मालवीय, राकेश मीणा आदि मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

### शर्मा नेशनल मीडिया फाउंडेशन नई दिल्ली जिला सीहोर के सरंक्षक नियुक्त



**सीहोर।** नेशनल मीडिया फाउण्डेशन नई दिल्ली के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेंद्र जैन ने सीहोर जिले के युवा समाजसेवी मनोज शर्मा को नेशनल मीडिया फाउण्डेशन नई दिल्ली का संरक्षक नियुक्त किया है। युवा समाजसेवी मनोज शर्मा की गरीमापूर्ण उक्त नियुक्ति नेशनल मीडिया फाउण्डेशन नई दिल्ली के सीहोर जिलाध्यक्ष राजेंद्र नागर की अनुशंसा पर नेशनल मीडिया फाउण्डेशन के प्रदेशाध्यक्ष नरेंद्र अग्रवाल के द्वारा की गई है। इस स्वागत कार्यक्रम में शंकरलाल शर्मा, सेवा यादव, सुदीप प्रजापति, पंकज शर्मा, दिनेश नागर, नरेश मेवाड़ा, जितेंद्र राठौर, मनोज अग्रवाल, रामपाल वर्मा, दीपक राठौर, संतोष वर्मा, मनोज सिसोदिया, श्रवण वास्तवार, अनुज श्रीवास्तव, मणीकांत जोशी, प्रदीप तोमर, अमन वर्मा, निखिल वर्मा, प्रकाश मालवीय, संतोष गुणवान, कमल पांचाल, गोवर्धन सोनी आदि उपस्थित रहे।

### सपोर्ट पर्सन के चयन के लिए पात्र अभ्यर्थियों का साक्षात्कार आयोजित

**सीहोर।** महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा पॉक्सो एक्ट के तहत सहायक व्यक्ति के मनोनयन के लिए राष्ट्रीय बाल संरक्षण की गाइड लाइन के अनुसार जिला न्यायालय परिसर में पात्र अभ्यार्थियों का साक्षात्कार आयोजित किया गया। यह साक्षात्कार कलेक्टर बालागुरू के. तथा प्रधान जिला न्यायाधीश प्रकाश चंद्र आर्य द्वारा गठित 5 सदस्यीय चयन समिति द्वारा लिया गया। उल्लेखनीय है कि आवेदकों (सपोर्ट पर्सन) के चयन के पश्चात जिले में पॉक्सो एक्ट के प्रकरणों के निराकरण एवं पॉक्सो सर्वाइवर को सहयोग तथा परामर्श दिलाने में सहायता मिलेगी।

## जिले में सर्वाधिक बनखेड़ी में 7.1 इंच बारिश दर्ज, तवा डेम का 1125.60 फीट पर

# लगातार बारिश से नर्मदा और तवा का जलस्तर बढ़ा, जारी रहेगा बारिश का दौर

पिछले तीन-चार दिनों से प्रदेश में मानसून सक्रिय बना हुआ है प्रदेश के डेम में जल स्तर बढ़ रहा है। वहीं नर्मदा के जलस्तर में भी बढ़ोत्तरी दर्ज की गई।

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

पिछले एक सप्ताह से रूक-रूककर हो रही बारिश ने नर्मदांचल में नदी नाले उफान पर ला दिये। जहां ग्रामीण अंचलों में नर्मदा सहायक नदियों में पानी भराया वहीं नर्मदा के जल स्तर में भी बढ़ोत्तरी दर्ज की गई। प्रदेश में स्ट्रॉन्ग सिस्टम के असर से नर्मदापुरम समेत कई जिलों में भारी बारिश हो रही है। जिले में पिछले 24 घंटे में सबसे ज्यादा बारिश बनखेड़ी तहसील में 7.1 इंच दर्ज की गई। नरसिंहपुर, जबलपुर, मण्डल शहडोल एरिया में लगातार बारिश होने एवं जलबलपुर के बरगी डेम के 9 गेट खोलने से नर्मदा नदी का जलस्तर नर्मदा नदी का जलस्तर सामान्य से 4 फीट ऊपर पहुंच गया तथा आगे बरगी डेम का पानी पहुंचने पर नर्मदा का जलस्तर 5 से 6 फीट और बढ़ सकता है।



### जिले में अब तक 2502 मिमी वर्षा दर्ज

रविवार को प्रातः 8 बजे तक जिले में 2502.20 मिमी वर्षा दर्ज हुई है। गत वर्ष इसी अवधि में 1449.5 मिमी वर्षा हुई थी। रविवार को प्रातः 8 बजे तक तहसील नर्मदापुरम में 393.7 मिमी, सिवनीमालवा में 188.0 मिमी, इटारसी में 185.6 मिमी, माखननगर में 133.0 मिमी, सोहागपुर में 229.0 मिमी, पिपरिया में 323.2 मिमी, बनखेड़ी में 467.0 मिमी, पचमढ़ी में 379.8 एवं तहसील डोलरिया में 202.7 मिमी वर्षा दर्ज हुई है। जिले की सामान्य औसत वर्षा 1370.5 मिमी है।

### नर्मदा-तवा का जलस्तर

बैतूल, पचमढ़ी और तवा डैम के कैचमेंट क्षेत्रों में हो रही लगातार बारिश से तवा डैम का जलस्तर तेजी से बढ़ रहा है। रविवार सुबह 8 बजे तक जलस्तर 1125.60 फीट दर्ज किया गया। एसडीओ एन.के. सूर्यवंशी के अनुसार, पिछले 24 घंटे में जलस्तर में 2 फीट की बढ़ोतरी हुई है। यदि 31 जुलाई तक जलस्तर 1158 फीट तक पहुंचता है तो डैम के गेट खोले जा सकते हैं। है वर्तमान में सेठानी घाट का जलस्तर 939.40 फीट है, तवा जलाशय का 1125.60 फीट है, बरगी जलाशय का 417.25 मीटर एवं बारना जलाशय 344.46 मीटर दर्ज किया गया है। उल्लेखनीय है सेठानी घाट का अधिकतम जल भराव 967 फीट है, तवा जलाशय का अधिकतम जल भराव 1166 फीट है, बरगी जलाशय का जल भराव 422.76 मीटर है तथा बारना जलाशय का अधिकतम जल भराव 348.55 मीटर है। वहीं पचमढ़ी में हो रही तेज बारिश से देनवा नदी में उफान है। मटकुली में पुराने पुल से पानी ऊपर बह रहा है। वहीं, दूधी नदी भी उफान पर है, जिससे नर्मदापुरम जिले के कई इलाकों में खतरा बढ़ गया है। मौसम विभाग ने नर्मदापुरम जिले के लिए अगले 24 घंटे भारी बारिश की चेतावनी जारी की है।

## हत्या के आरोपी को पुलिस ने पकड़ा, बाप ही निकला हत्यारा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम



विगत शुक्रवार को विजय यादव पिता रघुवर यादव उम्र 27 वर्ष निवासी ग्राम खापानाला को उसके परिजन थाना रामपुर गुर्रा लेकर आए एंव विजय यादव के सोमलवाडा रोड के किनारे अचेत हालत में मिलने की सूचना दी गई। घायल के अचेत होने से उसे तत्काल थाना मोबाईल से प्रारंम्भिक जाँच हेतू डीएसपीएम इटारसी रवाना किया गया जो कि जाँच कर्ता डॉक्टर के द्वारा विजय यादव को मृत घोषित कर दिया गया। जिस पर पुलिस ने मौके पर ही मर्ग कायम किया गया। घटना में मृतक को आई चोटो की प्रकृति तथा मर्ग संदेहास्पद स्थिती का होने से पुलिस अधीक्षक गुरकरन सिंह के आदेश एंव एसडीओपी के निर्देश पर थाना रामपुर गुर्रा से पुलिस टीम का गठन किया गया। मर्ग की जाँच दौरान मृतक का रविवार को डीएसपीएम इटारसी से पीएम कराया गया एंव शॉर्ट पी एम रिपॉर्ट में डॉक्टर द्वारा मृतक की पीठ एंव पेट पर गंभीर चोटो की पुष्टि की गई। विवेचना के दौरान ज्ञात हुआ कि मृतक शराब पीने का आदी था एंव परिवारजनो से अक्सर वाद विवाद किया करता था, साथ ही घटना दिनाँक को भी मृतक शराब के नशे में खापानाला स्थित अपने घर पहुँचा था जिसका की अपने पिता से वाद विवाद हुआ था, जिस पर मृतक के परिवार जनो एंव घटना स्थल के आस पास के लोगो से पूछताछ की गई तो जानकारी प्राप्त हुई कि मृतक के द्वारा घटना दिनांक को दोपहर शराब पीने के लिए अपनी माँ से पैसा माँगा गया था एंव माँ को जबरदस्ती रामपुर ले जाकर उसके आधार कार्ड के माध्यम से पैसा निकलवाया गया एंव शराब पीकर मृतक ने अपनी मा से विवाद कर साथ मार पीट करने लगा जिस पर मृतक विजय यादव के पिता रघुवर यादव द्वारा गुस्से में डण्डे से विजय की पीठ एंव पेट पर वार किए गए। जिससे की मृतक गंभीर रुप से घायल हो गया, संदेही रघुवर यादव के साथ गहनता से पूछताछ करने पर रघुवर यादव उम्र 50 साल निवासी केसला खुर्द के द्वारा लडके विजय के साथ मार पीट कर घटना को कारित करना स्वीकार किया गया। उसे गिरफ्तार करने में उपिन विपिन पाल थाना रामपुर गुर्रा, सउनि अनिल शर्मा, सउनि हर्षित मौर्य, उमेश रघुवंशी, महेश साहू, बृजलाल, तुलसी, विजय, गोपाल, टीटू, अमित आदि की सक्रिय भूमिका रही।

### निजी फीजियोथेरेपी केन्द्रों का पंजीयन अनिवार्य

**सीहोर।** निजी फीजियोथेरेपी केन्द्रो को अपना पंजीयन कराना अनिवार्य हो गया है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. सुधीर कुमार डेहरिया ने गत दिवस बताया कि शासन निर्देशानुसार अब निजी नर्सिंग होम एवं क्लिनिकल स्टेब्लिश्मेंट का विनिमय म.प्र. उपचार्यगृह तथा रजोपचार्य संबंधी स्थापनाये (रजिस्ट्रीकरण तथा अनुज्ञापन) अधिनियम 1973 तथा नियम 1997 (यथा संशोधित) 2021 के स्थापित प्रावधान अनुसार समस्त फीजियोथेरेपिस्ट को अधिनियम की धारा 2 में क्लिनिकल स्टेब्लिश्मेंट को परिभाषित किया गया हैं।

## युवा पड़ेगा तो सवाल पूछेगा इसलिए स्कूल बंद



**बुधनी।** सोमवार को कांग्रेस नेता विक्रम मस्ताल ब्लॉक के नारायणपुर गांव पहुंचे जहां उन्होंने शिक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। दोपहर के समय ग्राम नारायणपुर का शासकीय हाई स्कूल बंद पाया गया और शिक्षक और बच्चे दोनों नदारद थे स्कूल प्रांगण में सिर्फ नजर आ रहे थे तो वह मवेशी ही थे कांग्रेस नेता विक्रम मस्ताल ने विज्ञप्ति जारी करते हुए बताया कि बुधनी विधानसभा क्षेत्र में स्कूलों की यह हालत है स्कूल गौशाला बनकर रह गए हैं तो पूरे प्रदेश में क्या स्थिति होगी यह सब इसलिए किया जा रहा है कि बच्चे पढ़ेंगे तो सवाल करेंगे आज सप्ताह का पहला दिन है और स्कूलों में ताले लटके हुए हैं।



## हरियाली महोत्सव के तहत रेहटी पुलिस ने किया पौधारोपण

हरिभूमि न्यूज ⏭ रेहटी




हरियाली महोत्सव अभियान के अंतर्गत सोमवार को रेहटी थाना परिसर में पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारियों द्वारा पौधारोपण किया गया साथी उनकी देखभाल एवं हरियाली बचाने की शपथ ली गई। इसी कड़ी में सीहोर पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार शुक्ला एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुनीता रावत एवं एसडीओपी बुधनी रवि शर्मा के मार्गदर्शन में सोमवार को रेहटी थाना परिषद में पौधारोपण किया गया। साथ ही रेहटी थाना प्रभारी राजेश कहारे एवं नगर सुरक्षा समिति के प्रमुख स्वरूप सिंह पटेल के साथ मौजूद कर्मचारियों ने पौधे लगाए एवं उनके देखभाल करने के साथ हरियाली बचाने की शपथ ली।रेहटी थाना प्रभारी राजेश कहारे ने कहा की हरियाली महोत्सव अधिक पौधे लगाना एवं पर्यावरण को हरा भरा बनाए रखना और उनकी देखभाल करना का संकल्प एवं शपथ हमारे द्वारा ली गई है। इस मौके पर थाना परिषद में छायादार एवं फलदार पौधे लगाए गए।

## शिक्षा की दिशा यदि सही है तो वही विद्यार्थी भारत का भविष्य बन जाते हैं: पं.मोहितरामजी



**सीहोर।** शिक्षा की दिशा यदि सही है तो वहीं विद्यार्थी भारत का भविष्य बन जाते है। वहीं शिक्षा यदि गलत रास्ते पर जाती है तो मार्ग से भटका देती है, इसलिए हमें शिक्षा के साथ-साथ उस दीक्षा उस गुरु तत्व की आवश्यकता है जो हमें अंधकार से प्रकाश की ओर ले जाते है। आज ब्ल्यू बर्ड स्कूल परिसर में छात्र-छात्राओं के बीच संत कथा व्यास परम गौभक्त भक्त पंडित मोहितरामजी पाठक का आगमन हुआ। जिन्होंने श्री माधव महाकाल आरोग्य आश्रम सैकड़ाखेड़ी रोड सीहोर पर आगामी 10 जुलाई 2025, दिन गुरुवार को आयोजित होने वाले गुरु पूर्णिमा अमृत महोत्सव व्यास पूजन के विषय में ब्लू बर्ड स्कूल के सैकड़ो बच्चों को किस प्रकार शिक्षा से दीक्षा की ओर अग्रसर होकर हम राष्ट्रनिर्माण,। व्यक्तित्वनिर्माण, राष्ट्र सेवा में अपना योगदान दे सकते हैं अपना वक्तव्य दिया, गुरु दीक्षा के महत्व से परिचित कराया, उन्हें आध्यात्मिक सकारात्मक मार्ग पर चलने हेतु प्रेरित किया। जिस प्रकार शिक्षा प्राप्त कर कर आप डॉक्टर, इंजीनियर, आईएएस, आईपीएस बन सकते हैं, किंतु इस शिक्षा को जब दीक्षा से जोड़ दिया जाता है तो उसके अंदर उसके मन की पवित्रता आ जाती है और आत्म बल ज्ञान की प्राप्ति होती है। इसी कार्य को ईश्वरीय सेवा समझकर करता है इसलिए हम सभी को शिक्षा के साथ-साथ सनातन, संस्कृति परंपरा संस्कार सेवा एवं गुरु से दीक्षित होकर अपने राष्ट्र, मातृभूमि व माता-पिता परिवार की सेवा जैसे पवित्र कार्य करना चाहिए क्योंकि वर्तमान के यही बच्चे आगे भारत का भविष्य बनते है। बच्चों को यह भी समझाया कि तीर चलाने में ताकत नहीं, दिशा ज़रूरी होती है और वो दिशा देता है गुरु, गुरु वही होता है जो तुम्हारे अंदर की अच्छाइयों को बाहर लाता है। जो तुम्हारे गुस्से को संयम में बदल देता है। जो तुम्हारी दौड़ को सही मंज़िल की ओर मोड़ देता है। गुरु दीक्षा लेना मतलब है जीवन में एक ऐसा दीपक जलाना, जो अंधेरे में भी रास्ता दिखाता है। गुरु के चरणों में ही है सच्चा ज्ञान और जीवन को दिशा की प्राप्ति होती है। आगामी 10 जुलाई को श्री माधव महाकाल आश्रम पर हजारों सनातनी बच्चों को सनातनी शिक्षा-दीक्षा संस्कार गुरु मंत्र से दीक्षित किया जाएगा। आज के इस गुरुकुल शिक्षा से दीक्षा आयोजन में अशोक चौहान, शंकर लाल शर्मा, श्रीमती प्रेमलता राठौर, श्रीमती उर्मिला गुप्ता, रिटायर्ड शिक्षक शैलेंद्र चंदेल, बृजेश पारसर एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं, शिक्षिक उपस्थित रहे।

## सत्संग का वातावरण मन को शांत और सकारात्मक बनाता:पंडित सचिन त्रिवेदी



हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

सत्संग का वातावरण मन को शांत और सकारात्मक बनाता है, जिससे जीवन में आने वाली चुनौतियों का सामना करने की शक्ति मिलती है। उक्त विचार शहर के सैकड़ाखेड़ी जोड़ पर जारी संकल्प वृद्धाश्रम के तत्वाधान में जारी 15 दिवसीय शिव-शक्ति दिव्य अनुष्ठान में सोमवार को उज्जैन के पंडित सचिन त्रिवेदी ने कहे। श्री त्रिवेदी का श्रद्धा भक्ति सेवा समिति और केन्द्र के संचालक राहुल सिंह, मनोज दीक्षित मामा, जिला संस्कार मंच के उपाध्यक्ष धर्मेन्द्र महेश्वरी ने किया।

उन्होंने कहाकि जब दुष्ट व्यक्ति शासक बनता है तो बुरे लोगों में वृद्धि होने लगती है। कुसंग मिला तो अवगुणों और सत्संग मिला तो गुणों में वृद्धि हो जाती है। जिस काम को करने में आत्मा रोके वह अधर्म है। बैर की शिक्षा जहां मिलती है, वहां लंका का सृजन होता है। रावण के तप की शुरूआत भी बैर द्वेष से हुई। आत्म कृपा, गुरू कृपा और ईश कृपा इन तीन कृपा में जब सामंजस्य होता है तो जीवन का कल्याण हो जाता है। घर वालों के लिए जितना अच्छा बनना जरूरी है। उतना ही समाज के लिए भी। जब-जब बुराई से समझौता होता है। तब-तब दुर्घटना घटती है। उन्होंने कहा कि इतिहास का अंग बनने से अच्छा है कि इतिहास रचें।

## आजीविका स्व-सहायता समूह की महिला उद्यमियों को 70 इलेक्ट्रिक साइकिलें की वितरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ भैरुंदा

मध्यप्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के द्वारा ग्रामीण महिला उद्यमियों को सशक्त व आत्मनिर्भर वनाने हेतू भैरूंदा की ग्रामीण आजीविका मिशन अन्तर्गत स्व सहायता समूह की 70 उद्यमियों को इलेक्ट्रिक साईकिल की सौगात दी गई, स्वयं सहायता समूहों एमएचजी की महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाकर उनकी आजीविका के अवसरों को बढ़ाने के साथ-साथ उनकी सामाजिक और आर्थिक प्रगति को भी प्रोत्साहित करने में इलेक्ट्रिक साईकिल सहायक सिद्ध होगी ।एक इलेक्ट्रिक साईकिल 10 पैसे प्रति किलोमीटर से भी कम लागत अधिकतम स्पीड -25 किमी / घंटा स्कूटर से 60% तक किफायती। डिस्टेंस रेंज 40-50 किमी केवल आधा यूनिट बिजली की खपत । यह साईकिल की सौगात सरकार द्वारा अनुदान आधार पर 9450 रूपये का अंशदान जमा कर समूहो की महिलाओ को उपलब्ध कराई जा रही है। सोमवार को विकासखण्ड भैरूंदा में ई साईकिल वितरण में विकासखण्ड प्रबंधंक नरेन्द्र यादव व सहायका विकासखण्ड प्रबंधंक हरिनारायण मालवीय की सहित स्वयं सहायता समूहों की बहनें की उपस्थिति में 11 इलेक्ट्रिक साईकिल सीआरपी को वितरण के गई। इससे पहले 59 साइकिल कर दी गई थी।

**शहीद भगतसिंह महाविद्यालय**

काका पेट्रोल पंप के पास इछावर सीहोर रोड इछावर म.प्र. 466115 शासन द्वारा मान्यता प्राप्त एवं बरकतउल्ला वि.वि. से सम्बद्ध

email id sbscollegeichhawar@gmail.com 07561-275475, 9200707160, 9229707160

विश्व विद्यालय के कॉलेज कोड 28 के तहत निम्न शैक्षणिक पदों के आवेदन आमंत्रित किये जाते है।

| क्र. | पदनाम | विषय | पदों की संख्या |
|---|---|---|---|
| 1 | प्रचार्य | | 01 |
| 2. | सहायक प्रध्यापक | बॉटनी | 01 |
| 3. | सहायक प्रध्यापक | केमिस्ट्री | 01 |
| 4. | सहायक प्रध्यापक | जूलॉजी | 01 |
| 5. | सहायक प्रध्यापक | बायो, टेक्नोलॉजी | 01 |
| 6. | सहायक प्रध्यापक | सीड - टेक्नोलॉजी | 01 |
| 7. | सहायक प्रध्यापक | मेथ्स | 01 |
| 8. | सहायक प्रध्यापक | फिजिक्स | 01 |
| 9. | सहायक प्रध्यापक | कम्प्यूटर साइंस | 01 |
| 10. | सहायक प्रध्यापक | हिन्दी | 01 |
| 11. | सहायक प्रध्यापक | राजनीति शास्त्र | 01 |
| 12. | सहायक प्रध्यापक | समाजशास्त्र | 01 |
| 13 | सहायक प्रध्यापक | इतिहास | 01 |
| 14 | सहायक प्रध्यापक | बी.कॉम | 01 |

शैक्षणिक योग्यता :- U.G.C. के निम्नानुसार सभी आवेदक अपने समस्त दस्तावेज एवं बायोडाटा महाविद्यालय के पते पर 10 दिवस में भेजे

डायरेक्टर

## प्रशिक्षण कार्यक्रम शिक्षकों को सशक्त बनाते हैं: मुकेश पंवार

# समूह गतिविधियों और संवादात्मक शिक्षण विधियों के माध्यम से प्रभावी शिक्षा के बताए गुर

हरिभूमि न्यूज ⏭ भैरुंदा



नगर के वीणांचल विद्यालय (स्कूल फॉर गर्ल्स) में 5 और 6 जुलाई को दो दिवसीय शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम हुआ। इसका उद्देश्य शिक्षकों को नई शिक्षण तकनीकों, संवैधानिक मूल्यों पर आधारित शिक्षा और आधुनिक कक्षा प्रबंधन से परिचित कराना था। मुख्य प्रशिक्षक अजय पटेल और मुकेश पवार ने व्यावहारिक उदाहरणों, समूह गतिविधियों और संवादात्मक शिक्षण विधियों से शिक्षकों को प्रभावी शिक्षा देने के तरीके सिखाए। कार्यक्रम का समापन 6 जुलाई को हुआ। इस अवसर पर प्रमाण-पत्र वितरण किया गया। विद्यालय के चेयरमैन केएल पवार ने कहा कि ऐसे प्रशिक्षण कार्यक्रम शिक्षकों को सशक्त बनाते हैं। इससे विद्यार्थियों के संपूर्ण विकास में मदद मिलती है।

उन्होंने प्रशिक्षकों और आयोजन समिति की सराहना की। साथ ही विद्यालय में गुणवत्तापूर्ण शिक्षण बनाए रखने की प्रतिबद्धता दोहराई। इस दौरान बीआरसी विजय पवार, प्राचार्य नसरीन ख़ान विशेष रूप से मौजूद रहे।

**नई शिक्षा नीति पर विशेष जोर दिया** : प्रशिक्षण में नई शिक्षा नीति 2020 पर विशेष जोर दिया गया। शिक्षण में सूचना और संचार प्रौद्योगिकी के उपयोग, बाल मनोविज्ञान, संवाद कौशल, सकारात्मक अनुशासन और कक्षा प्रबंधन की रणनीतियों पर मार्गदर्शन मिला। शिक्षकों को प्रेरणास्त्रोत के रूप में विकसित करने, शिक्षा अधिकार कानून 2009 के क्रियान्वयन और वार्षिक-मासिक कार्य योजना बनाने की प्रक्रिया भी समझाई गई।

**EXCELLENCE COLLEGE**

Affiliated To Barkatullah University Bhopal

Applications are invited for the appointment on following teaching posts under college code 28 of the university.

**Principal-01**

professor 01 each (Env.Sc, Computer, Hindi, English, Commerce, Sociology. Asst. Prof.-01 each (Botany, Zoology, Chemistry , Maths, Phy.Computer, History, Sociology, Political, Economics, Hindi, Commerce, Agriculture, Management.

**Computer operator 01**

Qualifications -As per UGC Guideline.

Application with complete Details Should send on

ADDRESS: (105) KHEDLI BILKISGANJ DIST. SEHORE
Mob : .9893355598, 9131357635
E-mail : excellencecollege15@gmail.com

### बारिश पूर्व नहीं दिया ध्यान, अब हादसों का कारण बनी राजगढ़ की सड़कें, जिम्मेदार मौन साधकर बने मूकदर्शक

# मेन मार्केट सहित अन्य सड़कों के दर्जनभर गड्ढों से वाहन चालक सहित राहगीर परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶राजगढ़

नगर पालिका के जिम्मेदारों की अनदेखी का सजा नगरवासियों को खासी परेशानियों के रूप में उठानी पड़ रहा है।

दरअसल, बारिश के पूर्व नगर की विभिन्न मुख्य सड़कों एवं आंतरिक मार्गों पर हुए गड्ढों को रिपेयर करवाने की तरफ तनिक भी नहीं सोचा गया। ऐसे में अब बारिश के मौसम में ये गड्ढेनुमा सड़कें अब और ज्यादा परेशानी का सबब बन चुकी हैं। गड्ढों में भराने वाला बारिश का पानी न केवल वाहन चालकों बल्कि पैदल राहगीरों के लिए भी खासी मुसीबत बना हुआ है। जब मटमैले पानी से लबरेज इन गड्ढों पर से कोई वाहन गुजरता है तो गंदा पानी सीधे पैदल चल रहे राहगीरों के ऊपर गिरकर लोगों के कपड़े खराब कर देता है।

इसके साथ ही इन गड्ढों के कारण वाहन चालकों को भी वाहन चलाने में खासी मुसीबतें उठानी पड़ रही हैं। नगर के मेन मार्केट सहित आवाजाही वाली कई सड़कों एवं आंतरिक मार्गों पर अनेकों जगह ऐसे हालात बने हुए हैं जिसके चलते आमजन परेशान हैं।





### आधी सड़क चकपक तो आधी पर अनेकों गड्ढे

करीब डेढ़ वर्ष पूर्व मुख्यमंत्री अधोसरंचना विकास के तहत मेन मार्केट की मुख्य सड़क पर चैड़ीकरण एवं डामरीकरण करवाया गया था। लेकिन यह कार्य महज नाका नंबर-3 से लेकर रानी लक्ष्मी चैराहे तक ही सीमित होकर रह गया। रानी लक्ष्मी चैराहे से किला क्षेत्र के दोनों तरफ की सड़कों (सब्जी बाजार एवं पारायण चैक) को बगैर डामरीकरण के ही छोड़ दिया गया था क्योंकि इनका निर्माण प्रस्ताव में शामिल ही नहीं था। ऐसे में वर्तमान हालात यह है कि आधे राजगढ़ की मेन मार्केट की आधी सड़क तो चकपक नजर आती है लेकिन आधे मार्केट की सड़क दर्जनों गड्ढों से पटी हुई है।

### किला गेट के समीप हो रहीं दुर्घटनाएं

किला क्षेत्र में इतवारिया गेट के ढलान पर हो रहे गड्ढों के कारण भी बाईक चालक दुर्घटनाग्रस्त हो रहे हैं। ढलान और घुमाव वाली सड़क पर गड्ढे होने से वाहन चालक खासकर बाईक सवार संतुलन खो बैठते हैं और असंतुलित होकर हादसे का शिकार हो रहे हैं। इसी तरह की स्थिति राजेश्वर कान्वेंट स्कूल के थोड़ा आगे चर्च के ठीक सामने वाली सड़क पर भी बनी हुई है।

### राजेश्वर कॉन्वेंट स्कूल वाली सड़क गड्ढों से पटी

प्रतिदिन सैकड़ों वाहनों की आवाजाही वाली राजेश्वर कान्वेंट स्कूल होते हुए जिला अस्पताल एवं खिलचीपुर नाके जाने वाली सड़क पर कई जगह बड़े-बड़े गड्ढे हो रहे हैं। स्थानीय पाटी वाली माताजी मंदिर के ठीक सामने हुए कई गड्ढों के कारण बाईक चालक दुर्घटना का शिकार हो रहे हैं। दिन के साथ-साथ रात्रि के समय इस सड़क पर सबसे ज्यादा दुर्घटनाओं का खतरा बना हुआ है।

### आकाशीय बिजली से हुआ नुकसान

**माचलपुर।** नगर के आवास कालोनी में शनिवार रात्रि में भारी बारिश और आकाशीय बिजली के छर्रे गिराने से नुकसान हुआ है नगर के आवास कालोनी में निवास करने वाले फुलसिह राठौर की छत पर गड्ढे हो गए वही पास में निवासरत पीरूलाल खटीक, नारायण वर्मा ,रामचंद्र राठौरआदि के बिजली उपकरणों में नुकसान हुआ है साथ फाल्ट होने से ही बिजली सप्लाई भी लम्बे समय तक बाधित हुई जिसको लाइनमैन मुन्नालाल कन्हियालाल दांगी, देवीलाल दांगी कुशाल दांगी ने कनिष्ठयंत्री मनोजकुमार के साथ गिरते हुई बारिश में सप्लाई सुचारू की।



### खुजनेर खाटू धाम पर देव शयनी एकादशी मनाने लाखों की संख्या में पहुंचे श्रद्धालु

# घंटों इंतजार व लंबी कतारों में लगकर श्रद्धालुओं ने किए दर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶खुजनेर



मालवा के नाम से प्रसिद्ध कलयुग के अवतारी बाबा श्याम के यह देव शयनी एकादशी पर लाखों की संख्या में पहुंचे श्रद्धालुओं 1 किमी तक लंबा तांता भक्तजनों का लगा रहा देव शयनी एकादशी पर खाटू श्याम के दर्शन करने रविवार सुबह से शाम तक दूर दूर से भक्तजन श्री खाटू श्याम के दरबार पहुंचे जहा कई श्याम भक्त पैदल चलकर निशान यात्रा लेकर पहुंचे तो कोई दंडवत करता पहुंचा श्री खाटू श्याम का अलौकिक श्रृंगार मंगल आरती की गई श्रद्धालुओं को कोई असुविधा न हो जिसके लिए 50 से अधिक सेवादार द्वारा सेवा दी जाती हैं हर एकादशी पर पूरा शहर श्याम के रंग में रंगा नजर आता है।

श्री श्याम के जयकारों से पूरा मंदिर परिसर गूंज उठा है रविवार को अनुमान से ज्यादा संख्या में श्रद्धालु मंदिर पहुंचे जिससे छोटे बच्चों बड़े बुजुर्गों में धक्का मुक्की भी होती रही मंदिर समिति पुलिस प्रशासन द्वारा आने वाले श्रद्धालु से शांति व्यवस्था बनाने व मोबाइल कीमती वस्तु का ध्यान रखने की अपील भी की गई भीड़ बढ़ने का कारण यह कि आसपास के क्षेत्रों के किसानों ने बोवनी से फ्री होने से श्री श्याम मंदिर पर परिवार सहित दर्शन करने पहुंचे हैं मालवा खाटू एकादशी फलाहारी प्रसादी वितरण केन्द्र द्वारा दिनभर श्रद्धालुओं को फरियाल का प्रसाद वितरण किया गया है।

खाटू श्याम मंदिर पर लगातार बड़ी श्रद्धालुओं की भीड़ से अव्यवस्था बनने पर क्षेत्रिय विधायक अमर सिंह यादव द्वारा व्यवस्था को समुचित कराया है।

### मंदिर परिसर रोड के साथ ही नगर में लगा लंबा जाम

श्री खाटू श्याम के दर्शन को बड़ी संख्या में पहुंचे श्रद्धालुओं की बढ़ती भीड़ से मंदिर परिसर रोड व नगर के अंदर मुख्य चैराहा पर वाहनों से जाम की अव्यवस्था भी बनी रही थी ,पुलिस प्रशासन द्वारा भी जगह जगह पुलिस जवानों की ड्यूटी लगाई थी लेकिन बड़ी संख्या में पहुंचे श्रद्धालुओं से कई अव्यवस्था जैसी स्थिति बनी आवागमन करने वाले लोगों को मशक्कत का सामना भी करना पड़ा।

# आजाद अध्यापक शिक्षक संघ की बैठक आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶कालापीपल

सोमवार को कालापीपल विकासखंड के समस्त अध्यापक शिक्षक साथियों की आजाद अध्यापक शिक्षक संघ मध्य प्रदेश द्वारा बैठक आयोजित की गई। बैठक में समस्त ब्लॉक के शिक्षक शिक्षिकाओं ने उपस्थित रहकर संगठन द्वारा ई-अटेंडेंस का विरोध, सातवें वेतनमान के एरियर की पांचवी किश्त, क्रमोन्नती के एरियर आदि कई विषयों पर चर्चा की। उपस्थित शिक्षकों ने संगठन के साथ एकजुटता दिखाते हुए सभी विषयों पर समाधान के लिए एक मत होकर निराकरण के लिए आगामी रणनीतियों पर खुलकर अपने विचार रखे। बैठक में आजाद अध्यापक शिक्षक संघ जिला इकाई शाजापुर के जिला अध्यक्ष दिनेश कुमार मंडलोई द्वारा सभी शिक्षकों को विस्तार से इन विषयों पर बातचीत कर समझाया गया।

इस अवसर पर ब्लॉक अध्यक्ष राजेंद्र चौधरी ने सभी शिक्षक शिक्षिकाओं को संबोधित कर ब्लॉक इकाई को मजबूत करने एवं संकुल स्तर पर संकुल इकाइयों का गठन करने पर




अपनी बात रखी। सभी शिक्षकों द्वारा संगठन के आह्वान पर एकजुट होकर साथ खड़े होने की प्रतिबद्धता दोहराई। बैठक में बीएससी उमेश मालवीय एवं दर्पण कुमार गुप्ता द्वारा अध्यापकों के हितों की रक्षा के लिए संगठन को मजबूत करने एवं शिक्षकों का भविष्य सुरक्षित करने के लिए संगठन के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चलने की बात कही। बैठक में उपस्थित राजेश मेवाड़ा द्वारा संगठन का इस ओर भी ध्यान आकर्षित किया गया कि शिक्षकों को संगठन के साथ जुड़कर रहना एवं सहयोग प्रदान करना आवश्यक है। यदि कोई शिक्षक संगठन का सहयोग नहीं कर रहा है तो उसे संगठन की संपूर्ण प्रक्रियाओं से अवगत न कराया जाए।

बैठक में ब्लॉक के कई शिक्षक फूल सिंह मीणा, शिवनारायण परमार, रामनारायण परमार, संतोष जायसवाल, राकेश गोस्वामी, राजेंद्र सोनी, साधना सोनी, एवं अन्य कई संकुल खरदौन कला, बेहरावल, रनायल, कालापीपल के शिक्षक शिक्षिका उपस्थित रहे। आगामी 13 जुलाई को जिला स्तर पर तिरंगा यात्रा रैली निकालते हुए कलेक्टर महोदय को ज्ञापन देने के लिए अधिक से अधिक संख्या में शिक्षकों को उपस्थित रहने का भी आह्वान किया गया।

# राज्य मंत्री टेटवाल ने सिविल अस्पताल का निरीक्षण कर मरीजों के साथ किया संवाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶सारंगपुर

रविवार को राज्य मंत्री डॉ गौतम टेटवाल ने सिविल अस्पताल सारंगपुर का औचक निरीक्षण किया। मंत्री टेटवाल ने अस्पताल पहुंचते ही सबसे पहले इमरजेंसी वार्ड का दौरा किया और उस वार्ड में दाखिल मरीजों से अस्पताल प्रशासन द्वारा दी जा रही सभी सुविधाओं के बारे में पूछा।

इसके बाद मंत्री टेटवाल ने मरीजों से संवाद किया और उनकी स्वास्थ्य संबंधित समस्याओं एवं आवश्यकताओं की जानकारी ली तथा सेवा में समर्पित डाक्टरों और स्वास्थ्यकर्मियों की कार्यशैली को देखकर प्रसन्नता हुई उनका समर्पण वास्तव में प्रशंसनीय हैं। तथा अस्पताल के चिकित्सा अधिकारी डॉ.मनीष चैहान सहित समस्त स्टाफ से चर्चा कर व्यवस्थाओं की



जानकारी ली और स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने हेतु आवश्यक सुझाव सा किए।

इस दौरान मंत्री टेटवाल ने कहा कि हमारा लक्ष्य हर नागरिक को समय पर गुणवत्तापूर्ण और सुलभ स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान हो एवं अस्पताल प्रशासन एवं समस्त स्वास्थ्यकर्मियों के योगदान के लिए हृदय से धन्यवाद प्रेषित किया।

# राजगुरु श्री जगदानंद महाराज की प्रतिमा का किया अनावरण



हरिभूमि न्यूज ▶▶राजगढ़

स्थानीय रामलीला कॉलोनी में राजगढ़ के राजगरू स्वामी जगदानंदजी महाराज के समाधिक स्थल परिसर में उनकी प्रतिमा का रविवार को लोकार्पण किया गया। इस दौरान उपस्थित अतिथियों ने स्वामी जगदानंद महाराज की शिक्षाओं एवं जीवन वृत्त पर प्रकाश डालते हुए उनकी विरासत को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया।

रविवार को हुए मूर्ति अनावरण के पूर्व 4 जुलाई को रामायण पाठ एवं मूर्तिवास कार्यक्रम उपरान्त अगले दिवस रामायण पाठ का समापन एवं हवन शांति आयोजित की गई। रविवार को परिसर में आयोजित भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें अनेकों श्रृद्धालुओं ने प्रसादी गृहण की।

रविवार को एकादशी के चलते व्रती श्रृद्धालुओं के लिए फलाहारी प्रसादी की व्यवस्था भी आयोजकों द्वारा करवाई गई थी। इस अवसर पर पीठाधीश चंद्रकांत भार्गव, पूर्व विधायक रघुनंदन शर्मा, अरुणा मनोज हाड़ा, गिर्राज शर्मा सहित अन्य उपस्थित रहे।

# बजरंग दल ने सेवा सप्ताह में की मंदिर परिसर सफाई, पौधरोपण भी किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶खुजनेर

विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल का प्रतिवर्ष अनुसार सेवा सप्ताह चलता है जो कि 1 जुलाई से 7 जुलाई तक निरंतर चलता इसी के अंतर्गत राजगढ़ जिले के प्रखंड खुजनेर में रविवार को सेवा कार्य किए गए जिसमें खुजनेर बस स्टेंड के पास नीलकंठेश्वर महादेव मंदिर पर विहिप बजरंग दल के कार्यकर्ताओं द्वारा मंदिर में साफ सफाई करने के पश्चात वृक्षारोपण का कार्य किया गया।

इस मौके पर जिला उपाध्यक्ष नारायण कुंभकार, जिला सह मंत्री कमल किरार व प्रखण्ड अध्यक्ष पवन सोंधिया, सहसंयोजक भगवान सिंह, गौ रक्षा प्रमुख रामेश्वर बैरागी, सुरक्षा प्रमुख अनिल नगर अध्यक्ष दीपक किस्मत यादव सहित बजरंग दल, दुर्गा वाहिनी के कार्यकर्ता उपस्थित रहें।

### *बजरंग दल ने सेवा सप्ताह के तहत श्रमदान से सफाई की*



**सारंगपुर।** विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल ने सेवा सप्ताह के तहत रविवार को नगर के प्रसिद्ध तीर्थ क्षेत्र कपिलेश्वर मंदिर प्रांगण एवं जीवनदायनी कालीसिंध नदी पर श्रमदान कर सफाई की। श्रमदान की शुरुआत बजरंग दल जिला संयोजक निकेश पुष्पद के आतिथ्य में किया गया। श्रमदान की जानकारी देते हुए बजरंग दल प्रखंड अध्यक्ष इंदर सिंह चावलकर ने बताया कि सेवा संस्कार और नदी संरक्षण के संकल्प के साथ कपिलेश्वर तीर्थ स्थल महादेव मंदिर एवं जीवनदायनी कालीसिंध नदी पर श्रमदान कर सफाई की तथा कहा कि इस वर्ष 30 जुलाई तक सेवा सप्ताह मनाया जाएगा। जिसमें मंदिरों की सफाई, प्राचीन बावड़ियों आदि की सफाई, प्लास्टिक मुक्त, पौधरोपण आदि कार्यक्रम होंगे। इस अवसर पर प्रखंड संयोजक अभिषेक,नगर मंत्री शिवम राठौर, रामलखन प्रजापति, गोरक्षा प्रमुख अजय पुष्पद,प्रचार प्रमुख रवि पुष्पद,मोनू ठाकुर,सत्संग प्रमुख विक्की सुनेरिया,दीपक मीणा,पवन धनगर सहित बजरंग दल के कार्यकर्ता मौजूद थे।

# शिया समाज ने काजीवाड़ा से निकाला ताजिये का मातमी जुलूस

हरिभूमि न्यूज ▶▶सारंगपुर

रविवार को योमे आशूरा मोहर्रम की 10वीं तारीख के मौके पर दोपहर दो बजे से काजीवाड़ा से ताजिये का मातमी जुलूस शिया समाज के द्वारा निकाला गया। जो कि हजरत इमाम हुसैन की शहादत की याद ताजा करने व गम मनाने के लिये हर वर्ष निकाला जाता है। समाज के लोग हर वर्ष इमाम हुसैन की शहादत का गम मोहर्रम माह की 1 से लेकर 10 तारीख तक रोज शाम मातम मजलिस करके और गरीबों को खाना खिलाकर मनाते है। इस मौके पर सभी समाज के लोग हजरत इमाम हुसैन की याद में इस जुलूस में शामिल होकर अपनी अकीदत पेश करते है।

उल्लेखनीय हैं कि आज से करीब 1400 साल पहले करबला में हक और बातिल के बीच हुई जंग में हक का साथ देते हुवे नबी के नवासे



हजरत इमाम हुसैन ने अपने पुरे कुनबे के साथ शहादत दी। इसलिये आज का दिन शिया समाज बहुत गम के साथ मनाते है। इस मौके पर आमिल हुसैन काजी, साजिद हुसैन काजी, नफीस हुसैन काजी,बोहरा समाज सहित अंजुमन कमेटी सदर एमए अलीम बाबा कुरैशी,रफीक अली,आबिद लोदी,निजाम कुरैशी सहित अन्य लोग मौजूद थे। सुरक्षा व्यवस्था में एसडीएम रोहित बम्होरे,एसडीओपी अरविंद सिंह थाना प्रभारी आकांक्षा हाड़ा अपने सुरक्षा बल के साथ तैनात थे।

### पंच परिवर्तन के होने से होगा समाज का उत्थान : सेन

# भारतीय मजदूर संघ का परिचय एवं अभ्यास वर्ग का हुआ आयोजन, कार्यकर्ताओं को बताई संगठन की रीति-नीति

हरिभूमि न्यूज ▶▶नरसिंहगढ़

स्थानीय डे केयर सेंटर में भारतीय मजदूर संघ का एक दिवसीय परिचय एवं अभ्यास वर्ग का आयोजन किया गया। इस वर्ग में भारतीय मजदूर संघ के कार्यकर्ताओं को संगठन की रीतिनीति की जानकारी दी गई, साथ ही आगामी कार्ययोजना बनाई गई। वर्ग में मुख्य वक्ता के रूप में सामाजिक कार्यकर्ता मुकेश सेन उपस्थित रहे। उन्होंने इस अवसर पर पंच परिवर्तन विषय पर कार्यकर्ताओं का मार्गदर्शन किया। उन्होंने कहा कि समाज में परिवर्तन लाकर भारत को परम वैभव पर पहुंचाया जा सकता है। इसके लिए सामाजिक समरसता, कुटुंब प्रबोधन, पर्यावरण संरक्षण, नागरिक




कर्तव्य और स्व का बोध जैसे विषयों से परिवर्तन की शुरुआत की जाएगी तो निश्चित हमारा भारत पुनउत्थान की ओर बढ़ेगा। उन्होंने इस विषय पर देश के सामने की चुनौतियां और भारत के संघर्ष के बारे में भी बताया। इस मौके पर भारतीय मजदूर संघ के जिला मंत्री एडवोकेट संजय शेखर शर्मा ने भारतीय मजदूर संघ की स्थापना उद्देश्य के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि भारतीय मजदूर संघ देशभक्ति के साथ श्रमिक हित में कार्य करता है। कार्यक्रम में आभार भारतीय मधु संघ के तहसील अध्यक्ष जितेंद्र सिंह राजपूत ने व्यक्त किया। जबकि कार्यक्रम संचालन भारतीय मजदूर संघ के तहसील मंत्री रोहित सक्सेना ने किया। कार्यक्रम को जिला अध्यक्ष राजेश सक्सेना एवं बापू सुमन ने भी संबोधित किया। इस मौके पर भारतीय मजदूर संघ के जिलाध्यक्ष राजेश सक्सेना, पेंशनर एसोसिएशन के जिला संयोजक बापू सुमन, विद्युत विभाग पेंशनर संघ के जिला संयोजक अशोक मिश्रा, हम्माल तुलावटी मजदूर महासंघ के प्रदेश मंत्री राजेंद्र सिंह उमठ एवं धीरज नगर ब्यावरा, आदि लोग उपस्थित थे।

### श्रीमद् भागवत कथा में पहुंचे मंत्री पंवार किया पूजन व आरती

# जब कंस ने सभी मर्यादाएं तोड़ दी, तो प्रभु श्रीकृष्ण का जन्म हुआ: पंडित रमेश चंद्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶ब्यावरा

वैष्णो देवी मंदिर परिसर में बाल भक्त मंडली एवं वैष्णो देवी मंदिर ट्रस्ट परिवार के द्वारा चल रही सात दिवसीय श्रीमदभागवत कथा ज्ञानयज्ञ के चैथे दिन भगवान श्रीकृष्ण का जन्मोत्सव बड़ी धूमधाम से मनाया गया।कथा में पहुंचे मध्य प्रदेश शासन के मंत्री श्री नारायण सिंह पंवार ने भागवत भूषण पंडित रमेश चंद्र शर्मा का साफा पहन कर माला पहनकर भागवत भगवान का पूजन किया। श्री कृष्ण जन्म के मौके पर मंत्री पंवार ने कन्हैया को गोद में लेकर बोले नंद के आनंद भयो जय कन्हैया लाल।

इस दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष चंद्र सिंह सोंधिया,पूर्व विधायक रामचंद्र डांगी, भाजपा जिला महामंत्री अमित शर्मा मंडल अध्यक्ष राजू यादव मंडल अध्यक्ष राजू यादव पार्षद विष्णु साहू ने भी भागवत भगवान का पूजन किया महा आरती की। पंडित रमेश



चंद्र शर्मा ने प्रसिद्ध भजन 'नंद के घर आनंद भयो, जय कन्हैया लाल की' पर सभी श्रद्धालु काफी देर तक झूमते व थिरकते रहे. श्रीकृष्ण-जन्मोत्सव कार्यक्रम को लेकर कथा पंडाल को गुब्बारे व फूल-माला से आकर्षक ढंग से सजाया गया था. मटकी फोड़ का भी आयोजन किया गया। नंदलाल के द्वारा कथावाचक पंडित रमेश चंद्र शर्मा ने प्रवचन के दौरान भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं का वर्णन कर धर्म, अर्थ, काम व मोक्ष की महत्ता पर व्याख्यान किया. कथावाचक ने कहा कि जब-जब अत्याचार, अनाचार व अन्याय बढा है, तब-तब प्रभु का अवतार होता है।

अत्याचार को समाप्त कर धर्म की स्थापना को लेकर ही प्रभु का अलग-अलग रूपों में अवतार होता है. जब कंस ने सभी मर्यादाएं तोड दी, तो प्रभु श्रीकृष्ण का जन्म हुआ। कथा के दौरान बासुदेव, यशोदा व श्रीकृष्ण के बाल-रूप की झांकी देख सभी श्रद्धालु जयकारा लगाते हुए नृत्य करने लगे श्री कृष्ण जन्म उत्सव के बाद सभी ने भागवत भगवान की आरती की पर प्रसादी लेकर ही अपने घर की ओर प्रस्थान किया। 10 जुलाई को पंडित रमेश चंद्र शर्मा के सानिध्य में भव्य गुरु पूर्णिमा उत्सव मंदिर परिसर में मनाया जाएगा।

## खबर संक्षेप

### झमाझम बारिश से किसानों के चेहरे खिले

**आष्टा।** आष्टा क्षेत्र में लंबे अंतराल के बाद शाम 4 बजे के बाद से एक बार फिर से झमाझम बारिश का दौरा शुरू हो गया है बारिश से सड़के तरबतर हो गई सबसे ज्यादा सोयाबीन फसलों में बारिश से काफी फायदा मिला है। बता दे की शुक्रवार शनिवार को बारिश नहीं हुई थी इधर किसान बोवनी कार्य में लगे हुए थे अब लगभग बोवनी का कार्य पूर्णता की ओर है सभी किसानों ने बोवनी कर दी है और अब किसानों को भी झमाझम और तेज बारिश का इंतजार है 2 दिन के अंतराल के बाद रविवार शाम से शाम 4 बजे बाद से बारिश शुरू हो गई जो की रात में भी जारी रही। तेज बारिश का सभी को इंतजार किसान कमल सिंह परमार, विक्रम सिंह मेवाडा ने बताया है कि आष्टा क्षेत्र में किसानों ने बोवनी कार्य लगभग पूरा कर दिया है अब सभी किसानों को तेज बारिश का इंतजार है और आज भी बारिश से सबसे ज्यादा फसलों को फायदा मिला है।

### डॉक्टर से अपॉइंटमेंट लेना हुआ आसान

**आष्टा।** अब आयुष्मान भारत निरामय मध्यप्रदेश हेल्पलाइन के माध्यम से सभी शासकीय एवं आयुष्मान पंजीकृत निजी अस्पतालों में डॉक्टर से परामर्श हेतु अपॉइंटमेंट लेना बेहद आसान हो गया है। मरीज इस टोल-फ्री हेल्पलाइन पर कॉल करके घर बैठे ही अपना अपायमेंट्स बुक कर सकते हैं। इससे समय की बचत होती है और अस्पताल में बेहतर एवं त्वरित उपचार संभव हो पाता है।यह सुविधा सभी आयु वर्ग और सभी सामाजिक पृष्ठभूमि के मरीजों के लिए पूरी तरह निःशुल्क है। केवल एक कॉल के माध्यम से न सिर्फ अपॉइंटमेंट लिया जा सकता है, बल्कि आभा आईडी और इलेक्ट्रॉनिक स्वास्थ्य रिकॉर्ड भी बनवाए जा सकते हैं।

### रिमझिम बारिश के बीच ताजियों का निकला जुलूस, अखाड़ों के कलाकारों ने दिखाए करतब

# इमाम हुसैन की याद में मुस्लिम समाज ने मनाया 10 दिवसीय मोहर्रम का पर्व, अंतिम दिन निकाले ताजिए

मोहर्रम के पर्व पर नजर आई कोमी एकता, जगह-जगह मंच बनाकर जुलूस पर बरसाए फूल, अखाड़ों के उस्तादों का जगह-जगह हुआ सम्मान।

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

मुस्लिम समाज द्वारा सोमवार को इमाम हुसैन की शहादत की याद में विशाल जुलूस निकाला गया नगर पालिका ने गंज चौराहे पर मंच बनाकर कमेटियों के सदस्यों का साफा बांधकर स्वागत किया। जुलूस शहर के पुराना बस स्टैंड, सब्जी मंडी ,सिकंदर बाजार ,बड़ा बाजार ,गंज चौराहा ,बुधवारा, परदेसी पुरा ,पुराना भोपाल इंदौर मार्ग से निकला नगर पालिका के मंच से नपा अध्यक्ष प्रतिनिधि राय सिंह मेवाडा, पार्षद रवि शर्मा, डॉक्टर सलीम, ओम नामदेव आदि ने मोहर्रम कमेटी के सदस्यों का साफा बांधकर स्वागत किया।



#### अलीपुर में निकाला जुलूस

रविवार को शहर के अलीपुर में ताजियों का जुलूस निकाला गया जैसे ही अलीपुर चौराहे पर ताजियों का जुलूस पहुंचा तो बारिश शुरू हो गई रिमझिम बारिश में ही जुलूस निकाला और दोनों ही मंचों से स्वागत भी हुआ मीरपुरा से जुलूस शुरू हुआ जो की प्रमुख मार्गो से होता हुआ अलीपुर चौराहे पर पहुंचा जहां पर हिंदू उत्सव समिति, नगर पालिका के मंच से मोहर्रम कमेटी के सदस्यों का साफा बांध का स्वागत किया। बता दे की हजरत इमाम हुसैन की याद में मनाए जाने वाले 10 दिवसीय मोहर्रम पर्व के चलते रविवार को अलीपुर का ताजियों का जुलूस निकाला जो की अलीपुर चौराहे पर पहुंचा जिसमें बड़ी संख्या में ताजिए शामिल हुए पुलिस और प्रशासन ने भी सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए थे ताजियों का जुलूस देखने के लिए अलीपुर चौराहे पर बड़ी संख्या में समाजजन एकत्रित हुए थे ढोल तासो के साथ निकले ताजिए के जुलूस में बैंड बाजे वालों ने भी अपनी प्रस्तुति देते हुए कई कव्वालियां इमाम हुसैन की शान में पड़ी अखाड़े के कलाकारों ने अपनी कला का प्रदर्शन किया। शहर में सोमवार को प्रमुख मार्गो से ताजियों का जुलूस निकलेगा।

#### हिंदू उत्सव समिति ने किया स्वागत

हिंदु उत्सव समिति पार्वती नगर अलीपुर आष्टा द्वारा मोहर्रम जुलूस का स्वागत माता मंदिर जनपद चौराहा अलीपुर आष्टा पर किया गया। सभी मोहर्रम कमेटी अलीपुर के सदर नायब ,सदर एवं कमेटी सदस्यों का साफा बांधकर एवं सम्मान पट्टिका से हिंदू उत्सव समिति अध्यक्ष मनोहर लाल श्रीवास्तव, समिति पदाधिकारी एवं सदस्यों मनोहर लाल पांडिया पुरणमल नायक, रमेश परमार धनरुपमल जैन, कमलेश जैन, घनश्याम जांगड़ा, डॉ राज कुमार मालवीय पार्षद कन्हैयालाल गहलोत, कोमल चंद जैन मनोहर लाल वर्मा, दिलीप सिंह वर्मा, शंकर लाल वर्मा जुगल चित्तौडा अर्जुन सिंह ठाकुर सरपंच बाबूलाल जमालिया कमलेश सांवरिया, कैलाश बंजारिया, ओम नामदेव, ज्ञान सिंह मेवाड़ा, लखन सिंह ठाकुर, अर्जुनसिंह ठाकुर, सुशील शर्मा, रवि पंडिया,मनोज जैन अशोक पांचाल गोपाल पांचाल द्वारा स्वागत किया गया।

#### नगर पालिका के मंच से किया स्वागत

अलीपुर में निकले ताजियों के जुलूस का अलीपुर चौराहे पर सबसे पहले हिंदू उत्सव समिति के नेतृत्व में सभी का



साफा बांधकर स्वागत किया उसके बाद नगर पालिका के मंच से नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा ,सीएमओ विनोद प्रजापति, पार्षद राजकुमार मालवीय, डॉ सलीम ,रवि शर्मा , धनरूपमल जैन, कमलेश जैन, प्यारे पटेल, कोमल जैन, पवन पहलवान आदि की उपस्थिति में सभी का स्वागत किया इस दौरान बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि समाज जन उपस्थित रहे।

## मोहर्रम के जुलूस के साथ रिटायर फौजी का भी निकाला जुलूस





हरिभूमि न्यूज ⏭ दोराहा/अहमदपुर

अहमदपुर में रविवार को मोहर्रम पर्व ताजियों के जुलूस के साथ मनाया। वहीं चमन अखाड़ा समिति द्वारा अहमदपुर में मातमी जुलूस निकाला गया। रविवार को एक अलग ही दृश्य उस वक्त देखने को मिला जब एक तरफ मोहर्रम का जुलूस तो दूसरी तरफ रिटायर फौजी की रैली दोनों एक ही जगह पर एकत्रित हो गए। पूरा नगर देशभक्ति में डूब गया। मोहर्रम अखाड़े के खिलाड़ियों ने फौजी की रैली का स्वागत सम्मान कर देश भक्ति गीतों पर माहौल से समा बांध दिया। मोहर्रम की 10 तारीख के दिन ताजिया और अखाड़ा का जुलूस निकाला गया। वहीं इसी दौरान, अहमदपुर में भारतीय थल सेना में 19 साल की सेवा पूरी कर रिटायर हुए सुरेंद्र पाल सिंह तोमर का उनके गृह ग्राम सुल्तानपुर पहुंचने पर स्वागत हुआ। रिटायर हुए सुरेंद्र पाल सिंह की रैली अहमदपुर अस्पताल चौराहा से ठाकुर समाज और ग्रामीणों ने डीजे के साथ रैली निकाली। रैली अहमदपुर से शुरू होकर 11 किलोमीटर दूर सुल्तानपुर गांव तक गई। रास्ते में अहमदपुर बनखेड़, चरनाल जोड़ और ग्राम चरनाल में व्यापारियों, समाजसेवियों और ग्रामीणों ने जगह-जगह फूल मालाओं से स्वागत किया। सुल्तानपुर पहुंचने पर गांव को फूलों से सजाया गया। सैकड़ों ग्रामीणों ने रिटायर्ड फौजी का स्वागत किया। सुरेंद्र पाल सिंह तोमर सुल्तानपुर के निवासी हैं, जब रिटायर फौजी का काफिला अहमदपुर से गुजरा तो मोहर्रम ताजिया का जुलूस के साथ चल रहे अखाड़े के खिलाड़ियों ने फौजी का सम्मान करते हुए जमकर देशभक्ति गीतों पर नृत्य किया। चमन आखाड़ा कमेटी की ओर से फौजी का पगड़ी बांधकर सम्मान किया। साथ ही मेंन रोड पर जब दोनों जुलूस एक जगह आ गए तब माहौल देशभक्ति का बन गया। मोहर्रम जुलूस में चल रहे चमन आखाड़ा समिति के खिलाड़ियों ने फौजी की रैली में शामिल होकर ढोल ताशा के साथ स्वागत किया।

# मॉडर्न स्कूल के विद्यार्थियों का किया सम्मान



हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

संस्था मॉडर्न पब्लिक हासे स्कूल में सम्मान समारोह कार्यक्रम आयोजित कर कक्षा 10वी और 12वीं के प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान लाने वाले छात्र-छात्राओं का पुष्प माला पहना कर व प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। कक्षा-10वीं की छात्रा साक्षी पवार 93.2 प्रतिशत प्रथम स्थान, प्रिया परमार 92 प्रतिशत द्वितीय स्थान, साक्षी विश्वकर्मा 91 प्रतिशत तृतीय स्थान व कक्षा-12वीं की छात्रा सृष्टि अजनोदिया 91 प्रतिशत प्रथम स्थान, श्रीम भार्गव 89 प्रतिशत द्वितीय स्थान, नीलाक्षी सारसिया 86.2 प्रतिशत तृतीय स्थान प्राप्त कर शाला परिवार व अपने माता-पिता का नाम रोशन किया। शाला परिवार के मार्गदर्शक शंकर लाल परमार सर ने अपने उदबोधन में सभी छात्र-छात्राओं को आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया व सभी छात्र-छात्राओं को मोबाइल के उपयोग और दुरुपयोग के बारे में समझाया। संचालक मंडल व शाला परिवार के मार्गदर्शक शंकर लाल परमार, कुंवर लाल परमार, भीम सिंह ठाकुर व समिति अध्यक्ष अभिषेक परमार, प्राचार्य शैलेन्द्र सिंह ठाकुर, उपप्राचार्य विकास चौरसिया, बीएल मालवीय, रवि पाठक, राजेश बड़ोदिया, रजत धारवां, संदीप ठाकुर, अनीता परमार, निमर्ला सारसिया, करिश्मा चौपड़ा, अंजली चौरसिया, अंजु नावड़े, नीता सक्सेना, इशा जैन, पायल ठाकुर, अवनि जैन, पूजा ठाकुर, सना अली, अपेक्षा पेरवाल, तेजू मेवाड़ा, विधि चौहान, आयुषी जैन, लक्ष्मी चौरसिया, ज्योति राजपूत आदि शिक्षक शिक्षिकाओं ने बच्चो के उज्जवल भविष्य की कामना की।

## पुरुष अहंकार छोड़ दे और नारी जिद छोड़ दे तो फिर जीवन स्वर्ग बन जाता है: कृष्णा मां



**आष्टा।** श्री ब्रह्मानंद जन सेवा संघ, कृष्णा धाम मालीपुरा आष्टा के तत्वावधान में आयोजित पांच दिवसीय श्री गुरु पूर्णिमा अमृत महोत्सव के द्वितीय दिवस पर हजारों गुरु भक्तों ने अपने गुरु की अमृतवाणी का लाभ लिया। सत्संग में कृष्णा मां ने अपनी ओजस्वी वाणी में बताया कि पुरुष यदि अहंकार छोड़ दे और नारी जिद करना छोड़ दे तो फिर वैवाहिक जीवन स्वर्ग जैसा बन जाता है। आज जितने भी पारिवारिक क्लेश हो रहे हैं सब इसी कारण से हो रहे है। पति-पत्नी दोनों की नहीं बन रही है इस कारण परिवार टूटते जा रहे हैं। इन परिस्थितियों को देखते हुए आज संतों की बहुत आवश्यकता है क्योंकि संतो के सानिध्य से व्यक्ति में विवेक जागृत होता है और वह हर कार्य विवेक पूर्ण करता है। यदि जीवन में बड़ी से बड़ी समस्याएं या मुसीबत आ जाए तो घबराना नहीं चाहिए। समस्या से यह कह दो कि तेरे से बड़ा मेरा गुरु है मेरा भगवान है।

# ग्रामीणों ने विद्युत मंडल का घेराव कर तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्यामपुर



तहसीलदार श्याम नंदन चंदेले को कलेक्टर के नाम सैकड़ो की संख्या में नागरिकों ने पहुंच कर ज्ञापन सौंपा। और कार्रवाई करवाने की मांग की। श्यामपुर में श्री राम चौक से रैली का आयोजन किया गया। रैली में सैकड़ो की संख्या में महिला व नागरिक शामिल हुए। नारे लगाते हुए मध्य प्रदेश विद्युत मंडल वितरण कंपनी कार्यालय पहुंचकर एई लखन दुबे को ज्ञापन देकर मांग की गई है कि स्मार्ट मीटर उपभोक्ताओं के घर बिना सहमति के लगाए गए। जिनकी रफ्तार काफी अधिक है। मध्य प्रदेश विद्युत वितरणकंपनी श्यामपुर के द्वारा उपभोक्ताओं के घरों में स्मार्ट मीटर लगाने के बाद बिजली के बिलों में 4 से 6 गुना बिजली के बिल बड़ा कर दिए जा रहे हैं। विद्युत उपभोक्ताओं का शिविर लगाकर पुराने नए स्मार्ट मीटर के फर्क लाभ हानि को समझाया जाए और उपभोक्ताओं से नए स्मार्ट मीटर का किसी भी प्रकार का कोई शुल्क वसूल ना किया जाए। जिन उपभोक्ताओं से विद्युत विभाग अधिक बिलों की वसूली कर चुका है उन उपभोक्ताओं को अधिक वसूली गई राशि आगामी बिलों में जोडी जाए, मेंटेनेंस के नाम पर की जा रही विद्युत कटौती को तुरंत बंद करे। ज्ञापन में दिए गए सभी बिंदुओं पर शीघ्र अति शीघ्र विचार कर निराकरण किया जाए उपरोक्त मांगे ना माननेकी स्थिति में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी उपभोक्ताओं के साथ मिलकर धरना आंदोलन करेगी।

# बजरंग कॉलोनी की सड़क बदहाल, लोगों का पैदल चलना भी मुश्किल

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



नगर के वार्ड-16 बजरंग कालोनी कन्नौद रोड से जुड़ी हुई है, लेकिन इस कालोनी आज ग्रामीण क्षेत्र से भी बदतर हो चुकी है। जरा सी बारिश के बाद कॉलोनी के अधिकांश रोड कीचड़ में तब्दील हो गए हैं। जबकि इस मार्ग से महिलांए, पुरूष, बुजुर्ग यहां तक की स्कूल, कॉलेज के विद्यार्थी भी निकलते हैं। जो कई बार गिर पड़ते हैं, जिसके कारण उनकी ड्रेस खराब हो जाती है और वह चोटिल हो जाते हैं।

जागरूक नागरिकों ने समस्या को लेकर जनप्रतिनिधियों से लेकर जवाबदार अधिकारियों से की, लेकिन हल आज तक नहीं निकल सका है।यही मार्ग मंदिर और कॉलेज तक जाता हैबता दे की बजरंग कॉलोनी में मंदिर में जाने के लिए यही मार्ग कॉलोनीवासी इस्तेमाल करते हैं साथ ही कॉलेज भी पास में है और कॉलोनी के अलावा शहर के साथ-साथ ग्रामीण क्षेत्र के छात्र-छात्राएं भी इसी मार्ग से निकलते हैं कीचड़ होने के चलते आने जाने वाले लोगों को परेशानी उठाना पड़ रही है। बजरंग कॉलोनी में सबसे बड़ी समस्या सड़कों पर कीचड़ की है।सरोठिया जी के मकान से लेकर गजराज सिंह के मकान तक सड़क के बहुत बुरे हाल हैं। समस्या इसलिए बढ़ रही है जहां रोड नहीं बना है वहीं नालियां भी वर्षो पुरानी हो चुकी हैं। कॉलोनी की नालियों की नियमित सफाई भी नहीं हो रही है। जिसके कारण जगह जगह पानी भर चुका है।

पानी की निकासी भी लगभग बंद सी हो चुकी है।वार्ड 16 के पार्षद रवि शर्मा ने कहा है कि वहां पर पाइपलाइन डाली गई है इसलिए सड़क खराब हो गई है फिलहाल सड़क की कीचड़ की सफाई कर दी गई है जल्द ही यह सड़क बनाई जाएगी। इस संबंध में नपा सीएमओ विनोद प्रजापति का कहना है कि अगर रोड पर कीचड़ या सफाई नहीं हो रही है तो करवाई जाएगी।

# निजी स्कूल की मनमानी से पालक परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिद्धिगंज




निजी स्कूलों द्वारा अपनी मनमानी से पलकों से मनचाहे फीस ली जा रहे हैं। ग्राम के कुछ पलकों द्वारा बताया गया कि निजी स्कूलों में हमारे बालक को पढ़ाया जा रहा है। जिसमें वह अधिक रुपए ले रहे हैं। वहीं निजी स्कूलों द्वारा स्कूल के कोर्स कुछ दुकानों पर ही उपलब्ध कराए गए। जिसमें दुकानदार द्वारा अधिक रुपए में कोर्स दिया जा रहा है। जिससे वह स्कूलों की यूनिफॉर्म भी कुछ दुकानों पर ही उपलब्ध है। जिससे पलकों को अधिक रुपए में अपने बच्चों का कोर्स एवं यूनिफॉर्म खरीदना पड़ रहा है। दुकानदार मनचाहे रुपए में कोर्स और यूनिफॉर्म दे रहे हैं। निजी स्कूल अपनी मनमानी के चलते पलकों से अधिक रुपए लिए जा रहे हैं। दुकानदार अधिक राशि में संबंधित स्कूल की पुस्तक दे रहे हैं। वही जिम्मेदार इस ओर कोई ध्यान नहीं दे रहे ना तो निजी स्कूलों पर किसी प्रकार की कार्रवाई की जा रही है। निजी स्कूलों में ग्राउंड हे न ही कोई व्यवस्था है।

### डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती पर हुआ हरियाली महोत्सव

# भाजपा कार्यकर्ताओं ने छात्रावास में किया पौधरोपण

हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर

भारतीय जनता पार्टी मंडल जावर द्वारा डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती मनाई गई। सर्व प्रथम उनके छाया चित्र पर माल्यार्पण किया और उनके जीवन पर बाबूलाल पटेल मंडल अध्यक्ष विजेंद्र सिंह ठाकुर ,जय सिंह ठाकुर, कृपाल सिंह एडवोकेट ने विचार व्यक्त रखे उसके पश्चात कन्या छात्रावास में वृक्षारोपण किया। जिसमें मुख्य रूप से वरिष्ठ नेता बाबूलाल पटेल, खुमान सिंह, मंडल अध्यक्ष विजेंद्र सिंह ठाकुर, जय सिंह ठाकुर ,राजेन्द्र केशव, कृपाल सिंह एडवोकेट, मनोज वेद ,तेज सिंह कप्तान, शिवम् सोनी, अजाप सेठ, कमल सिंह ,वीरेंद्र ठाकुर, मदन विश्वकर्मा, प्रेम सिंह महाकाल, राजेंद्र सेंधव ,तेज सिंह गुड्डू, धर्मेंद्र ठाकुर, फूल सिंह मालवीय, राजू भावसार ,कैलाश राठौर, महामंत्री राजा ठाकुर, धर्मेंद्र मालवीय, राजपाल सिंह, धर्मेंद्र, पिंटू, हरेंद्र विश्वकर्मा, दयाराम परिहार, धरम सिंह, अजय सिंह, हेमंत गोयल, संजू मालवीय, अभिषेक शर्मा, पवन



मालवीय कार्यक्रम का सफल संचालन शिवम् सोनी आभार महामंत्री राजा ठाकुर ने किया।

# मेहतवाड़ा में हो रहा भ्रष्टाचार: शैलेंद्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर



कांग्रेस नेता और समाजसेवी शैलेन्द्र सिंह पहलवान ने विज्ञप्ति जारी करते हुए बताया कि ग्राम मेहतवाड़ा में लगातार हो रहे भ्रष्टाचार एवं ग्रामीण जनों के कार्यों की अवहेलना जैसे की कुंडिया के खेत वाले रास्ते पर मुरम नहीं डालना जिससे कि ग्रामीण जनों एवं खेत पर रह रहे किसानों एवं छात्रों को स्कूल आने-जाने में बहुत परेशानी हो रही है। कबीर खेड़ी का रोड जो की नदी को पार करके जाता है उसमें घुटनों तक कीचड़ हो गया है।

गांव की नालियां साफ नहीं हो रही है चाहे वहां कॉलोनी का नाला हो या लालपुर का नाला कीचड़ से लटपट है पटेलवार से मेलघाट तक का रोड कीचड़ से लटपट है सोनी मोहल्ले की हालत भी बहुत खराब है गरीब बस्ती खेड़ापुरा वाले रोड पर भी कीचड़ की भरमार है झीन वाले मोहल्ले में साफ सफाई बिल्कुल नहीं हो रही है बाजार हाट की स्थिति बहुत खराब है झबलिया वाला रोड इमली पुरा दईपुरा में भी हालत बहुत खराब है शीतला माता मंदिर वाली नाली कि साफ सफाई बिल्कुल नहीं हो रही है भाटीखेड़ा एवं बनखेडा में भी खेती के रास्ते की बड़ी समस्या है ऐसी अनेक समस्याएं हमारे ग्राम के लोगों को झेलनी पड़ रही है। जबकि हमारे ग्राम पंचायत मेंहतवाड़ा में पैसों की कोई कमी नहीं है फर्जी बिल लगाकर पैसे निकाले जा रहे हैं बाजार में नीलामी के पैसे जो कि लगभग हर साल 8 से 10 लख रुपए आते हैं उनका पता नहीं चलता ऐसे कई टैक्स पंचायत को प्राप्त होते हैं। जिसका दुरुपयोग किया जा रहा है बाजार की व्यवस्था बिल्कुल खराब हो गई है।

हमारी पंचायत सीहोर जिले की सबसे बड़ी पंचायत में आती है लेकिन लगता है अब भ्रष्टाचार में सबसे बड़ी हो गई है काम कुछ भी नहीं हो रहा है सरपंच जनपद उप सरपंच इस और ध्यान दें आपको लोगों ने जनता की सेवा के लिए चुना है यहां जनता है सब जानती है अगर जल्दी सुधार नहीं किया गया तो सभी ग्रामीण जन मिलकर आंदोलन करने के लिए मजबूर होंगे।